कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामकरण मीणा पुत्र श्री छीतर मल मीणा ग्राम पोस्ट राहुवास, तहसील रामगढ पचवारा, जिला दौसा (राजस्थान) 303505

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार ,लालसोट एवं तहसीलदार, रामगढ पचवारा, जिला दौसा

अपील सं0 53/2019

निर्णय दिनांक : 08.01.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट एवं तहसीलदार रामगढ पचवारा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट एवं तहसीलदार रामगढ पचवारा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई वांछित लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट एवं तहसीलदार रामगढ पचवारा, जिला दौसा से संबंधित है। किंतु आवेदक को वांछित सूचना प्राप्त नहीं होने पर उनके द्वारा इस कार्यालय में अपील प्रस्तुत करने पर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट एवं तहसीलदार रामगढ पचवारा, जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2019/2892–93 दिनांक 10.12.2019 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। किंतु लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट एवं तहसीलदार रामगढ पचवारा, जिला दौसा की ओर से इस कार्यालय मे कोई जबाव /रिपोर्ट प्रस्तुत नही की गई है। जिससे प्रतीत होता है कि प्रार्थी को चाही गई वांछित सूचना/नकल उपलब्ध नहीं करवाई गई है। सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्र की सूचना संबंधित व्यक्ति को 30 दिवस की समयावधि में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट एवं तहसीलदार रामगढ पचवारा, जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अखिल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official